nidm
Resilient India - Disaster free India

# चक्रवात

## तैयार रहें • सावधानियां बरतें • सुरक्षित रहें




एक ऐसी मौसम प्रणाली जिसमें कम दबाव का क्षेत्र बनता है। 61 किमी/घंटा से ज़्यादा तेज़ रफ़्तार से हवाएं चलती हैं, जिसे 'चक्रवात' या उष्णकटिबंधीय तूफान भी कहा जाता है। ये गैर-फ्रंटल सिनॉप्टिक स्केल मौसम प्रणालियां हैं जो उष्णकटिबंधीय जल क्षेत्र से उत्पन्न होती हैं। ये चक्रवाती हवाएं संगठित तरीके से एक निश्चित क्षेत्र में ही घूमती रहती हैं। ये हवाएं उत्तरी गोलार्ध में कम दबाव केंद्र के चारों ओर घड़ी की सुई की विपरीत दिशा में और दक्षिणी गोलार्ध में घड़ी की सुई की दिशा में घूमती हैं।

चक्रवात मृत्यु का कारण भी बन सकते हैं (बिजली के झटके से, संरचनाओं के ढहने और मलबे के उड़ने से), इससे कृषि क्षेत्रों, फसलों, संपत्ति और बुनियादी ढांचे को भी गंभीर नुकसान होता है। चक्रवात घरों, समुदायों को तबाह कर देते हैं। आजीविका को नष्ट कर देते हैं, परिवहन को बाधित करते हैं और इनके दूरगामी सामाजिक-आर्थिक प्रभाव भी होते हैं।




## आपके NiDRR मित्र:

**अभय और अनिका आपको बाढ़ जैसी आपात स्थिति के लिए खुद को और अपने समुदाय को तैयार करने और सुरक्षित रखने के बारे में कुछ महत्वपूर्ण सुझाव देंगे।**




हेल्पलाइन 112

unicef
for every child

**National Disaster Risk Reduction**
Communication Toolkit

**जब आप सुरक्षित हों तो बचाव कार्यों में मदद करें**

# योजना और तैयारी



## व्यक्ति/ परिवार
के लिए कार्रवाई

**आपातकालीन आपूर्ति इकट्ठा करें**

- सुनिश्चित करें आपका फोन काम करने की स्थिति में हो।
- अतिरिक्त बैटरी या बैकअप चार्जर रखें।
- खराब न होने वाले, सूखे खाद्य पदार्थों को स्टोर करें।
- साफ कंटेनर में 3 दिन के लिए कम से कम 4 लीटर पीने का पानी स्टोर करें।
- साफ़ सफाई के लिए पानी को अलग से स्टोर करें।

## आपातकालीन आपूर्ति के साथ अपना ‘गो-बैग’ तैयार रखें।






आपातकालीन संपर्क सूचना



महत्वपूर्ण अभिलेखों और दस्तावेजों की ऑरिजनल और डुप्लीकेट प्रतियों को प्लास्टिक के वाटरप्रूफ बैग और/ या डिजीलॉकर में रखें।





प्राथमिक चिकित्सा किट





साबुन




मास्क




सैनिटरी पैड



अतिरिक्त बैटरियों के साथ टार्च




प्लास्टिक बैग और बांधने के लिए रस्सी




जल साफ़ करने वाली गोलियाँ




निर्धारित दवाएं




प्लास्टिक शीट और डक्ट टेप



कई तरह के काम करने वाला ‘चाकू’



माचिस और सीटी



तौलिये और सूखे कपड़ों का सेट

## इन बातों का ध्यान रखें




### चक्रवात की चेतावनी मिलते ही:



- ✓ अपने घर को, **विशेष रूप से छत को** सुरक्षित रखें, उसकी मरम्मत करें, नुकीली वस्तुओं को खुला न छोड़ें।
- ✓ खिड़कियों को **लकड़ी के बोर्ड या मोटे कागज** की मदद से अच्छे से बंद करें।
- ✓ स्थानीय अधिकारियों की अनुमति से अपने **घर के पास वाले पेड़ों की टहनियों की कटाई छँटाई करें।**
- ✓ अपने **परिवार के सदस्यों को चिकित्सा सहायता** मुहैया कराने की तैयारी रखें।

### निकासी करते समय:

- ✓ **गर्भवती महिलाओं, बच्चों, बुजुर्गों, बीमार एवं शारीरिक रूप से अक्षम** परिवार के सदस्यों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने की योजना बनाएं।
- ✓ **मेन पावर स्विच, गैस वाल्व/सिलेंडर वाल्व** को भी बंद कर दें।



- ✓ सभी **घरेलू पशुओं** को खोल दें।
- ✓ घर के बाहर रखी हुई वस्तुओं (लॉन फर्नीचर, कचरे के डिब्बे, साइकिल) को या तो **अंदर ले आएं या उन्हें बाहर ही सुरक्षित रूप से बाँध दें।**


### विभिन्न चेतावनी स्तर और उनके कार्य

| ब्लू अलर्ट: 24-48 घंटे के भीतर चक्रवात आने की संभावना (अलर्ट + चेतावनी चरण) | येलो अलर्ट: 12+ घंटे के भीतर चक्रवात आने की संभावना (कार्रवाई करें) | रेड अलर्ट: 3-12 घंटे के भीतर चक्रवात आने की संभावना (सुरक्षित स्थान पर चले जाएं या रुकें) |
|---|---|---|

# समुदाय
## के लिए कार्रवाई



- **सामुदायिक आपातकालीन कार्रवाई** और निकासी योजना तैयार करें।
- बाढ़ जैसी आपात स्थितियों के लिए **सामुदायिक आश्रय** तैयार करें।
- **संचार के चैनलों की पहचान करें** और समुदाय को उन चैनलों के बारे में सूचित करें।
- समुदाय में सभी परिवारों के साथ सामुदायिक आपातकालीन कार्रवाई और **निकासी योजना के बारे में जानकारी** साझा करें।
- **सामुदायिक आश्रय और उसके लोकेशन** के बारे में जानकारी साझा करें।
- बाढ़ संभावित क्षेत्र में आने वाले अपने क्षेत्र के **समुदायों/घरों का मानचित्र बनाएं।**
- सुनिश्चित करें समुदाय के सदस्य **बाढ़ सुरक्षा प्रोटोकॉल** से अवगत हों।
- समय-समय पर समुदाय के साथ **निकासी मॉक ड्रिल** आयोजित करें।
- **तैयारी, प्रतिक्रिया और पुनर्वास** में सामुदायिक स्वयंसेवकों को शामिल करें और उन्हें प्रशिक्षित करें।




# चक्रवात के बाद

## व्यक्ति/ परिवार

### के लिए कार्रवाई








- ✓ जब बाहर का माहौल शांत लग रहा हो तब भी **बाहर न निकलें।**
- ✓ चक्रवात की स्थिति या निकासी पर **अपडेट सुनते रहें।**

- ✓ महत्वपूर्ण दस्तावेजों सहित अपने सभी क़ीमती सामान को **ऊँचे स्थान पर रखें।**
- ✓ यदि आप इमारत के अंदर हैं तो याद रखें **निचली मंजिल पर रहें।**
- ✓ **कब और कहां से बाहर निकलना है** इसकी जानकारी रखें।
- ✓ परिवार के सभी सदस्यों को एक साथ रखें और जरूरत पड़ने पर **बाहर निकलने के लिए तैयार रहें।**





- ✓ घर के अंदर किसी **खाली कमरे में रहें,** हिलने डुलने वाली वस्तुओं को सुरक्षित तरीके से एक जगह स्थिर रखें।
- ✓ कांच की खिड़कियों को मजबूती से बंद रखें और **स्टॉर्म शटर लगाएं।**
- ✓ खिड़कियों, दरवाजों और रोशनदानों से **दूर रहें।**

## समुदाय

### के लिए कार्रवाई

**संवेदनशील क्षेत्रों पर नजर रखें** और आवश्यकता पड़ने पर निकासी की व्यवस्था करें।

जरूरत के अनुसार **राहत सामग्री और राशन की आपूर्ति** के लिए राहत एजेंसियों के साथ समन्वय करें।

किसी भी संक्रमण के प्रकोप को रोकने के लिए आश्रय शिविरों की सुरक्षा सुनिश्चित करें और **स्वच्छता बनाए रखें।**

सुनिश्चित करें बाढ़/चक्रवात के दौरान किसी भी **अफवाह से बचने के लिए** लोगों तक सत्यापित स्रोतों से सही जानकारी पहुँचे।

# चक्रवात के बाद

## व्यक्ति/ परिवार


### के लिए कार्रवाई

- जब तक सूचना न मिले कि घर लौटना सुरक्षित है तब तक **आश्रयों के अंदर रहें।**
- उपकरणों को बंद करने का निर्देश मिलने पर सभी **मुख्य स्विच बंद कर दें।** बिजली के उपकरणों को **गीले हाथों से ना छुएं।**
- अतिरिक्त ध्यान दें **बिजली के टूटे खंभों, तारों, नुकीली वस्तुओं** और मलबे पर।
- घर के क्षतिग्रस्त हिस्सों की जाँच करें और **उसकी मरम्मत कराएं।**
- चक्रवात से हुए नुकसान के बारे में **संबंधित अधिकारियों को रिपोर्ट** करें।
- रिकवर होने के लिए परामर्शदाताओं से मदद लें यदि कोई **योजना उपलब्ध है तो उसका लाभ लें।**



- प्राथमिक चिकित्सा प्रदान करें और गंभीर चोट लगने पर **चिकित्सक से सहायता लें।**

- गंभीर रूप से आहत व्यक्ति को तब तक स्थानांतरित न करें जब तक कि उसे **और चोट लगने का खतरा न हो।**
- दूषित पानी के संपर्क में आए या फंगस लगे **खाद्य पदार्थों का सेवन न करें।**
- अपने आस-पास सफाई रखें और दी गई सलाह के अनुसार **कचरे और मलबे को हटाएं।**
- अगर सीवेज पाइप क्षतिग्रस्त हैं तो **शौचालय का उपयोग न करें।**



# समुदाय
## के लिए कार्रवाई

मरम्मत कार्य की योजना बनाने के लिए क्षेत्र में हुए **नुकसान का आँकलन करें।**

**अस्पतालों, स्कूलों और परिवहन** जैसी बुनियादी सेवाओं की बहाली में मदद करें।

आस-पास के क्षेत्रों को **सेनेटाइज़ करें, मक्खी मच्छरों** को दूर रखने के लिए अपशिष्ट पदार्थों का निपटान करें।


### प्रबंध करें

- घायलों का इलाज करने और उन्हें आवश्यक टीकाकरण प्रदान करने के लिए **स्वास्थ्य शिविर** का।
- **संरचनात्मक क्षतियों की मरम्मत।** (जैसे, सड़कें, टूटे पाइप, क्षतिग्रस्त खंभे और बिजली की फिटिंग, आदि)
- **आपदा से संबंधित योजनाओं और कार्यक्रमों का प्रसार** ताकि समुदाय के लोग उनका लाभ ले सकें।
- क्षेत्र में **कूड़े-कचरे की सफाई** और पशु शवों का सुरक्षित निपटान।






वर्तमान स्थिति के बारे में **खुद को अपडेट रखें**, सुरक्षा और निकासी के लिए **सरकारी अधिकारियों द्वारा मिली जानकारी** के अनुसार कार्य करें।



**सही सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार** कार्रवाई करें जैसे चक्रवात/बाढ़ की चेतावनी पर सरकारी समाचार एजेंसियों द्वारा मिली जानकारी।




सभी **असत्यापित स्रोत और आतंक की स्थिति पैदा करने वाले** सोशल मीडिया संदेशों पर ध्यान न दें।

